कार्यालय प्राचार्य, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, (मचेवा) महासमुन्द (छ0ग0)
(Naac Accredited) Email- govtmatakarmagirlscollege@gmail.com/www.gmkgclgmsmd.in
Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University Raipur (C.G.)

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

:: शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में वाणिज्य में स्नातकोत्तर स्तर पर एम.कॉम. पाठ्यक्रम प्रारंभ ::

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय (मचेवा) महासमुंद जिला– महासमुंद में नवीन शिक्षा सत्र 2023–24 से वाणिज्य संकाय में **स्नातकोत्तर शिक्षण स्तर पर एम.कॉम.** पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति उच्च शिक्षा विभाग छ.ग.शासन द्वारा प्राप्त हुई है, जिससे कि इस अंचल एवं जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय के वाणिंज्य संकाय में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के इच्छुक छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

विदित हो कि, जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं को वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन में रोजगार प्राप्त करने हेतु "वाणिज्य विषय" में स्नातकोत्तर डिग्री की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय महासमुंद में वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर शिक्षण **स्तर पर एम.कॉम.** पाठयकम प्रारंभ करने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। अंततः शासन द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023–24 से महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर शिक्षण **स्तर पर एम.कॉम.** पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गयी है । उक्त पाठ्यकम में अध्ययन एवं प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राऐं शासकीय महाविद्यालय के कार्यालय से संपर्क कर प्रवेश आवेदन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की अधिकृत वेबसाईट के आवेदन पोर्टल में जाकर संस्था में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं । उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शीलभद्र कुमार के द्वारा प्रदान की गई।

08.07.2023

प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय माता कर्मा कन्या
महाविद्यालय महासमुन्द(छ.ग.)

प्रति,

संवाददाता
दैनिक भास्कर/हरिभूमि/नवभारत/पत्रिका/नई दुनिया/देशबंन्धु/
कृपया अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, (मचेवा) महासमुंद (छ.ग.)
(NAAC Accredited) Email – govtmatakarmagirlscollege@gmail.com/www.gmkgclgmsmd.in
Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University Raipur (CG)

क्र/ 173 /ABC/2023-24 महासमुंद, जुलाई 2023

सुचना : अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पंजीयन

(NOTICE : REGISTRATION FOR ACADEMIC BANK OF CREDIT)

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, अटल नगर पत्र क्रमांक /380/आउशि/गुप्र./2023 नवा रायपुर दिनांक 17/05/2023 एवं पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पत्र 1023/परीक्षा/2023 रायपुर दिनांक 27/06/2023 के निर्देशानुसार महाविद्यालय के समस्त नियमित छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ACADEMIC BANK OF CREDIT (ABC) में पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है जिसमें आगामी परीक्षा एवं प्रवेश हेतु सभी छात्राओं को पंजीयन क्रमांक आवश्यक होगा। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा जा सकता है। अतः समस्त नियमित छात्राएं ABC में पंजीयन करने हेतु लिंक https://www.abc.gov.in/ पर students login/Sign in में जाकर पंजीयन करना सुनिश्चित करें।पंजीयन नहीं होने पर छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

संलग्न : आयुक्त उच्च शिक्षा एवं पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का पत्र।

08.07.2023

प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय माता कर्मा कन्या
महाविद्यालय महासमुन्द(छ.ग.)